हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 मई 2026

06 बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण, गुस्साए...



07 अमृतमित्र की अटकी परितोषण राशि, जहर...





## खबर संक्षेप

### सैनिक सम्मेलन का आयोजन 29 मई को

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया (से.नि.) ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29 मई समय 11 बजे (पूर्वान्ह) से किया जायेगा। उक्त सम्मेलन में भूतपूर्व सैनिकों को कल्याणकारी योजनाओं / सुविधाओं की जानकारी दी जायेगी एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। अधिक से अधिक भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन इस सम्मेलन में भाग लें।

### शक्ति केन्द्र टोली की बैठकें आयोजित की गई

**खुरई।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर धनौरा मंडल के सभी आठ शक्तिकेंद्रों में प्रत्येक माह को 24 से 30 दिनांक तक होने वाली शक्तिकेन्द्र टोली की बैठके आयोजित की गई। जिनमे मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत सिंगपुर के नेतृत्व में सभी शक्तिकेंद्र एवं बूथ के अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की बैठकों में पार्टी के आगामी कार्यक्रम, बूथ बैठक एवं मन की बात की तैयारी एवं खुरई विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के द्वारा कराये जा रहें विकास कार्यों और सरकार की जनहितैसी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का कार्य किया गया। बैठकों में मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, राजाभाई सिंह, पप्पू दुबे, राघवेंद्र सिंह, रामबाबू सिंह, ऋषि व्यास, सीताराम सिंह, रघुराज सिंह, नीरज सिंह, राहुल सिंह राजपूत, गजेंद्र सिंह, मंगल सिंह, माधव सिंह, इमरत सिंह, सरदार सिंह, मुरलीधर कुशवाहा, रामकुमार सिंह, वीर सिंह प्रजापति, जाहर सिंह, बाबू सिंह, देवी सिंह, महीप सिंह, भरत सिंह, जितेंद्र सिंह, रघुबीर सिंह, देवी सिंह लोधी, उदय सिंह, बलराम सिंह, जगदीश कुशवाहा, संतोष सिंह, बलबीर सिंह, गब्बर सिंह, विपिन राजपूत, जसबीर सिंह, रामकुमार कटारे, राजा सिंह, राहुल ठाकुर, रंजीत सिंह, प्रेम सिंह गोंड़ समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**सागर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलवृत्ति योजना के अंतर्गत पात्र खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत वे खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो तथा जिनकी आयु 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक न हो। ऐसे खिलाड़ियों को नियम 2019 के नियम क्रमांक 08.1(च) के अंतर्गत खेलवृत्ति स्वीकृत की जाएगी। साथ ही, वे खिलाड़ी जो इस योजना का लाभ दो बार प्राप्त कर चुके हैं, वे पात्र नहीं होंगे।

### आईटीआई प्रवेश 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**सागर।** शासकीय संभागीय आई.टी.आई. सागर द्वारा सत्र 2026-27 के औद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 30 मई तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। संस्था द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे प्रवेश के समय कक्षा 8वीं एवं 10वीं दोनों को आधार बनाकर आवेदन करें, ताकि चॉइस फिलिंग के दौरान सभी ट्रेडों के विकल्प उपलब्ध हो सकें और विद्यार्थी अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार उपयुक्त ट्रेड का चयन कर सकें। इस वर्ष संस्था में पारंपरिक ट्रेडों के साथ आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े नए ट्रेड जैसे जिससे विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

मुख्य सचिव ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा में मुहैया कराएं सेवाएंः मुख्य सचिव जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन ने कहा है कि कलेक्टर्स लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण संवदेनशीलता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश में लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम लागू किया गया है। इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत लोगों को समय सीमा में सेवाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा से बाहर एक भी प्रकरण नहीं जाना चाहिए यह सभी कलेक्टर्स सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव अनुराग जैन आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरुक करें। नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों को बताएं। नरवाई जलाने की घटनाओं को प्रतिबंधित करने के लिए किसानों से सतत संवाद भी स्थापित करें।

मुख्य सचिव ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित हिरण्यगर्भा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन द्वारा हिरण्यगर्भा अभियान संचालित किया गया है। यह अभियान दुग्ध उत्पादन में बढोत्तरी करने का महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान का प्रदेश में प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिलाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग एवं कोल्ड स्टोरेज यूनिटों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस दिशा में सभी कलेक्टर्स सतत प्रयास करें। उन्होंने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने और कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए किसानों का सतत रूप से मार्गदर्शन करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों के बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन एवं खनिजों के अवैध भण्डारण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन एवं खनिजों के अवैध भण्डारण के विरुद्ध माईनिंग एक्ट के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने जल संवर्धन अभियान, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, परिवहन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, लोक सेवा प्रबंधन, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जनजातीय कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुपालन, मत्स्य, खनिज संसाधन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण आदि विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में एनआईसी कक्ष सागर से संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, वन मंडलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संभागीय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## हनुमान मंदिर की दीवार तोड़ने पर विरोध प्रदर्शनः विहिप-बजरंग दल सहित हिंदू संगठन लामबंद

**खुरई।** क्षेत्र के जगदीशपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पास निर्माण कार्य को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों ने इसके विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मंदिर परिसर के पास चल रहे निर्माण कार्य से धार्मिक स्थल और उसकी व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। मंदिर के पास निर्माण कार्य पर आरोप मंदिर के पुजारी हिमांशु दुबे और स्थानीय संगठनों के अनुसार हनौता बांध से विस्थापित लोगों के लिए मंदिर के पास मकानों का निर्माण एक निजी कंपनी की ओर से किया जा रहा है। आरोप है कि काम शुरू करते समय यज्ञशाला और कुछ ढांचे तोड़े गए थे और उन्हें दोबारा बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब वह पूरा नहीं किया जा रहा है। यह भी बताया गया है कि पहले दो मंदिरों को स्थानांतरित करने की बात थी, लेकिन अब तीसरे मंदिर के निर्माण की जानकारी सामने आई है। बाउंड्री वॉल और अन्य शिकायतें संगठनों का आरोप है कि निर्माण करने वाली कंपनी अब मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ने का प्रयास कर रही है। साथ ही मंदिर में बिजली आपूर्ति के लिए लगे ट्रांसफार्मर और पानी की टंकी का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है, जिससे मंदिर की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।यह भी कहा गया है कि निर्माण स्थल पर कुछ कामगारों द्वारा अनुचित व्यवहार की शिकायतें मिली हैं, जिससे माहौल को लेकर चिंता बढ़ी है। प्रशासन की बात विश्व हिंदू परिषद के रौनक यादव ने बताया कि कंपनी ने पहले सभी के सामने आश्वासन दिया था कि मंदिर समिति की बात मानी जाएगी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। इस मामले में उप जिलाधिकारी से बातचीत हुई है और गुरुवार को मंदिर में बैठक कर समाधान निकालने की बात कही गई है। फिलहाल स्थिति को शांत कर दिया गया है।




## पेयजल समीक्षा बैठकः कलेक्टर का कड़ा रुख सीएमओ खुरई का वेतन काटने के निर्देश

**सागर।** जिले में पेयजल आपूर्ति और प्रबंधन को लेकर कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा दैनिक रूप से समीक्षा की जा रही है। बुधवार को आयोजित बैठक में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। बैठक की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी खुरई का एक दिन का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल निगम द्वारा जहां भी पाइपलाइन बिछाने या मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, वहाँ पाइपलाइन रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाए। इसके साथ ही ज्वाइंट विजिट कर बंद पड़ी योजनाओं को तुरंत चालू करने की स्थिति का पता लगाने को कहा गया है। एमपीईबी को बिजली कनेक्शन दुरुस्त करने की हिदायत भी दी गई। पेयजल आपूर्ति में बिजली की वजह से कोई बाधा न आए, इसके लिए एमपीईबी को सभी संबंधित जगहों पर बिजली कनेक्शन पूरी तरह से सही करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सागर सहित विभिन्न विकासखंडों में चल रही नल-जल योजनाओं और वहां आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या की समीक्षा की गई। बंडा डूब क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा कि अभी डूब क्षेत्र में विस्थापन का कार्य प्रचलन में है इस क्षेत्र में पानी सुचारू रूप से चालू रहना चाहिए, क्योंकि पानी सबसे बुनियादी जरूरत है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज पेयजल से जुड़ी जनशिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निराकरण और संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि भीषण गर्मी और पेयजल की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयों ने दी पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उनकी नीतियों और योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की संगठन महामंत्री राम कुमार पचौरी ने कहा कि वर्तमान में नरेंद्र मोदी सरकार को यह सीखने की आवश्यकता है कि विपक्ष का सम्मान कैसे होता है । उन्होंने अगर श्रद्धेय जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पड़ी हो तो वह सीखे की विपक्ष को कैसे सम्मान दिया जाता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अगर इस देश की बागडोर ना संभाली होती तो न जाने भारत का क्या हाल होता। जवाहरलाल नेहरू ने भारत को सशक्त मजबूत और ताकतवर बनाने में अहम भूमिका निभाई यह उनकी शुरुआती तैयारी थी की पूरी दुनिया भारत का लोहा मानती है। भारत विश्व के किसी भी देश को चुनौती देने के काबिल हुआ तो यह सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान है। उन्होंने बच्चों बड़ों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की शुरुआत की थी।



ब्लॉक कांग्रेस क्रमांक एक के अध्यक्ष हेमराज रजक ने कहा की भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत के शिल्पकार, गुटनिरपेक्ष आंदोलन के प्रणेता और भारत में लोकतंत्र, शिक्षा एवं भारी उद्योगों की मजबूत नींव रखने वाले महान नेताओं के रूप में याद किया जाता हैं। आज हम सभी उनके योगदान एवं महान नीतियों को याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

ब्लॉक क्रमांक 2 के अध्यक्ष वीरेंद्र राजे ने कहा कि भारत रत्न जवाहरलाल नेहरू ने देश को प्रगति विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में भारत को गोरवान्वित किया। ब्लॉक क्रमांक 3 के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि वो चाचा नेहरू नाम से लोकप्रिय थे आज का दिन बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप और देश की आजादी के लिए आंदोलन में सहभागिता निभाई साथ ही उन्होंने पूर्ण स्वराज का नारा भी दिया था।

इस अवसर पर भारत की पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि पर वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने विचार रखे संचालन सेवादल के अध्यक्ष सिंटू कटारे एवं आभार आनंद हैला ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमाकांत यादव, राकेश राय, दीन दयाल तिवारी, जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेश अहिरवार, अलीम खान, सुनील पाहवा, गोपाल प्रजापति, भैयन पटेल, लल्ला यादव, जयोति मलैया, रेखा अहिरवार, अंकुर यादव, परख शुक्ला, महेश यादव, पार्षद रिचा सिंह, कुंजीलाल लडिया, बाबू मछंदर, संजय जैन आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## सागर ग्रामीण कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, अभिषेक गौर बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से नई 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नई टीम में सभी वर्गों, समाजों और क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा गया है। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के नेतृत्व में गठित इस नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। कार्यकारिणी में महिलाओं की भागीदारी को भी प्राथमिकता दी गई है। मुख्य कार्यकारिणी में 7 महिलाओं को स्थान दिया गया है, वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्यों में भी 3 महिलाओं को शामिल कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया है। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की भी घोषणा की गई है। इसी क्रम में संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर को जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि नई टीम आगामी समय में ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेगी। आज गौर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के निवास पर गए और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, कार्यालय प्रभारी मनोज पवार, आ.जा. प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत लहरिया, जिला सचिव सर्जन सुहाने जिला सचिव मनोज राय शहर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

## निगमायुक्त के निर्देशानुसार पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों को सुचारू एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा पेयजल सप्लाई से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार पंतनगर पानी की टंकी परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नगर निगम आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में समय पर पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कंट्रोल रूम में नागरिकों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।कंट्रोल रूम में अरविंद परमार, उपयंत्री (मो. 977000 9703), आसिफ खान, उपयंत्री (मो.7999618906), राहुल रायकवार, उपयंत्री (मो. 8982524157) तथा कौतुकेय सिंह बघेल, केमिस्ट (मो. 7224812508) को नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की निगरानी करेंगे तथा जलप्रदाय व्यवस्था की दैनिक रिपोर्ट निगमायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए तथा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल संबंधी समस्या होने पर कंट्रोल रूम में संपर्क कर सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर समस्या का निराकरण किया जा सके।

मॉडल का अवलोकन कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली, शीघ्र कार्य पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

# कलेक्टर पाल ने किया निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर परिसर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर पाल ने बड़तूमा सागर में निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से परिसर में बन रहे ऑडिटोरियम, आधुनिक संग्रहालय और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार हो रहे भक्त निवास के भवनों, डॉरमेट्री का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के मॉडल का भी अवलोकन किया और पूरे मॉडल को देखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की विस्तृत तकनीकी जानकारी ली। कलेक्टर पाल ने निर्माण एजेंसी और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बचे हुए निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 101 करोड़ रुपयों की लागत से 11 एकड़ क्षेत्रफल में बनाया जा रहा यह भव्य मंदिर और संग्रहालय आस्था के साथ-साथ देश-दुनिया के लोगों को भारत की महान संत परम्परा की विचारधारा और संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन दर्शन से परिचित कराने वाला एक अद्भुत केंद्र बनेगा। सागर में श्रद्धेय कवि व समाज सुधारक संत रविदास के जीवन मूल्य व विरासत को इस मंदिर और संग्रहालय के माध्यम से उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी मंशानुरूप सभी की समानता और उनके ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से लोगों को परिचित कराना इस पूरे परिसर का मुख्य केंद्र बिंदु है। कलेक्टर ने संग्रहालय और ऑडिटोरियम भवन के निरीक्षण के दौरान कहा कि यहाँ संत रविदास के जीवन प्रसंगों को विस्तृत और आधुनिक डिजिटल व दृश्य-श्रव्य संसाधनों की मदद से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने आंतरिक साज-सज्जा और लाइटिंग व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को जरूरी सुझाव दिए। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता को परखा और परिसर में हवा-उजाले तथा आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा। नागर शैली में मुख्य मंदिरः बिना किसी लोहे के उपयोग के तैयार किए जा रहे इस 66 फ़ीट ऊंचे संत रविदास मंदिर का निर्माण बंसीपहाड़पुर के लाल पत्थरों से नागर शैली में किया जा रहा है। मंदिर के गर्भगृह, अंतराल मंडप और अर्धमंडप का रोड से 5 फ़ीट ऊँचा फाउंडेशन बनने के बाद नक्काशीदार पत्थरों के 72 पिलर लगाए जा चुके हैं, जिन पर ऊपरी ढांचा खड़ा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम अमन मिश्रा, निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ इंजीनियर्स, प्रशासनिक अधिकारी और अधीनस्थ अमला मौजूद रहा। कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलभराव रोकने व सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



## शिवपुरी पंचायत में गहराया जल संकट, महिलाओं-ग्रामीणों ने बर्तन रख किया प्रदर्शन

# बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण, गुस्साए लोग उतरे सड़कों पर, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



भीषण गर्मी के बीच जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत शिवपुरी इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रही है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार रात सड़क पर फूट पड़ा, जब लोगों ने सड़क पर बर्तन रखकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं है। कई मोहल्लों में नलों में केवल 5 से 10 मिनट तक ही पानी आता है, जिससे लोगों की दैनिक जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति वार्ड क्रमांक 9 की बताई जा रही है, जहां लोग पूरे दिन पानी का इंतजार करने को मजबूर हैं। शिव धाम कुंडेश्वर निवासियो ने बताया कि तेज गर्मी में पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। घरों में पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। लोगों को कई बार दूर-दूर तक पानी की तलाश में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ग्राम पंचायत शिवपुरी के प्रतिनिधि दिनेश खटीक ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराने वाले पुराने बोर अब सूख चुके हैं। वर्तमान में चोपरा कुआं से पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन उसका जलस्तर भी तेजी से घट रहा है और वह भी सूखने की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा पीएचई विभाग को चार नए बोर खनन के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यदि जल्द नए जल स्रोत विकसित नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। इसका असर केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन के बाद पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासनों नहीं, बल्कि स्थायी समाधान की जरूरत है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच शिवपुरी पंचायत का यह जल संकट प्रशासन और संबंधित विभागों की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कितनी तेजी से कदम उठाते हैं।

# बधाई लेने को लेकर हिंसक रूप में भिड़े किन्नरों के दो गुट

### चकरा क्षेत्र में कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चले, चाकू से हमला करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को किन्नरों के दो गुटों के बीच विवाद उस समय हिंसक रूप ले बैठा, जब बधाई मांगने और गाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। चकरा क्षेत्र में हुए इस विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने के आरोप लगाए हैं। घटना में एक पक्ष के लोगों को ज्यादा चोटें आने की बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद मौखिक बहस तक सीमित था, लेकिन कुछ ही देर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इलाके में अचानक हुए हंगामे से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। एक पक्ष की दीपा किन्नर ने आरोप लगाया कि सपना, तनु, सुनैना और उनके साथियों ने उस पर हमला किया। दीपा के मुताबिक विवाद के दौरान चाकू से वार किया गया, जिससे उसके गाल पर चोट आई है। उसने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष ने सुनियोजित तरीके से हमला किया।

वहीं दूसरे पक्ष की सपना किन्नर, तनु और सुनैना ने पलटवार करते हुए कहा कि दीपा किन्नर और उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और लाठी-डंडों से हमला किया। उनका कहना है कि विवाद के दौरान उनके साथ भी अभद्रता और हिंसा की गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाकर उनकी शिकायतें दर्ज की गईं। पुलिस ने घायलों का परीक्षण कराते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत प्राप्त हुई है। प्रारंभिक जांच में एक पक्ष के लोगों को अधिक चोटें आने की जानकारी सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विवाद की वास्तविक वजह क्या थी और मारपीट की शुरुआत किस पक्ष ने की।

# 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सकुशल खोज लाई पुलिस, परिजनों को सौंपा

### एसपी का निर्देशन, मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से मिली सफलता, परिजनों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़।



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व के चलते त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस तत्परता और सक्रिय कार्यप्रणाली की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग बालिका पिछले दिनों अपने परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने दिगौड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल बालिका की तलाश शुरू की। दिगोड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ साइबर सेल की सहायता लेकर बालिका की लोकेशन और गतिविधियों का पता लगाया। लगातार की गई सघन तलाश और तकनीकी जांच के बाद पुलिस को सफलता मिली और नाबालिग बालिका को सुरक्षित खोज लिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। दिगोड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि समय पर सक्रियता और तकनीकी सहयोग के कारण बालिका को शीघ्र सकुशल खोज लिया गया। इस कार्रवाई में दिगोड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक राकेश घोष तथा महिला आरक्षक राखी यादव की विशेष भूमिका रही।

# यातायात थाना निर्माण बना विवाद का कारण, आवागमन की बनी समस्या

### छत्रसाल कॉलोनी का रास्ता बंद होने पर भड़के रहवासी, शिकायत के बाद भी जारी रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर के नए बस स्टैंड के आगे बैकुंठी क्षेत्र में निर्माणाधीन यातायात थाना अब विवादों के घेरे में आ गया है। थाना निर्माण के लिए किए जा रहे कार्य से छत्रसाल कॉलोनी के रहवासियों का मुख्य आवागमन मार्ग प्रभावित हो रहा है, जिससे कॉलोनी में रहने वाले करीब 50 से अधिक परिवारों के सामने आवागमन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। मामले को लेकर रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस स्थान पर यातायात थाने का निर्माण किया जा रहा है, वही रास्ता वर्षों से कॉलोनीवासियों के आने-जाने का प्रमुख मार्ग रहा है। अब निर्माण कार्य के चलते यह रास्ता बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर कॉलोनी के निवासियों ने दो दिन पहले कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और जतारा विधायक हरिशंकर खटीक से शिकायत की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं और रास्ता बंद होने की आशंका से अधिकारियों को अवगत कराया था। हालांकि रहवासियों का कहना है कि निरीक्षण के बावजूद निर्माण कार्य पर कोई रोक नहीं लगाई गई और बुधवार को फिर से निर्माण शुरू कर दिया गया। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ गया है। करीब 20 वर्षों से छत्रसाल कॉलोनी में निवास कर रहे राजेंद्र पाराशर ने बताया कि जिस रास्ते पर थाना भवन का निर्माण किया जा रहा है, वही कॉलोनी का मुख्य मार्ग है। यदि यह रास्ता बंद हो गया तो लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को पहले वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए थी। स्थानीय निवासियो ने बताया कि शिकायत के बाद भी काम लगातार जारी है। इसी वजह से वे एक बार फिर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। उनका कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जानी चाहिए।

मामले में तहसीलदार सतेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि शासन के निर्देश पर लगभग एक वर्ष पहले यातायात थाने के लिए उक्त सरकारी भूमि आवंटित की गई थी। उन्होंने स्वीकार किया कि स्थानीय लोगों द्वारा रास्ता बंद होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। कलेक्टर के निर्देश पर पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही ऐसा समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके। अब देखना होगा कि प्रशासन रहवासियों की समस्या और सरकारी निर्माण कार्य के बीच संतुलन कैसे स्थापित करता है। फिलहाल छत्रसाल कॉलोनी के लोगों की नजर प्रशासनिक निर्णय पर टिकी हुई है।

# लंबित मामलों पर सख्त हुए एसपी, जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### पुलिस कार्यालय की शाखाओं की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश, समयबद्ध निराकरण करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित प्रकरणों, शाखाओं की कार्यप्रणाली और जनहित से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान एसपी मंडलोई ने कार्यालय की प्रत्येक शाखा के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों की स्थिति, निराकृत प्रकरणों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसामान्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागीय कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखें। साथ ही विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए अनुशासित एवं लक्ष्य आधारित कार्यशैली अपनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसपी मंडलोई ने कहा कि पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता तभी प्रभावी होगी जब प्रत्येक अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यों की समीक्षा कर समय पर परिणाम सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से संबंधित शिकायतों एवं प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि पुलिस व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। बैठक में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, कार्यालयीन कार्यों में गति लाने और प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता और जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस विभाग की इस समीक्षा बैठक को प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार, जवाबदेही तय करने और जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### चकबंदी के बाद जमीन पर कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बानपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकियों का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम बानपुर निवासी रामस्वरूप पुत्र गरीबा ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में स्थित उसकी जमीन की चकबंदी लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा की गई थी। आरोप है कि चकबंदी के बाद उसकी जमीन के हिस्से पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया। पीड़ित के अनुसार जब उसने कब्जा हटाने की बात कही तो आरोपियों द्वारा उसे और उसके परिवार के साथ अभद्रता की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

# तीन कुरी क्षत्रिय बैठक संपन्न समाज की एकजुटता और विस्तार पर किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**वैवाहिक परिचय सम्मेलन, युवाओं के मार्गदर्शन व सामाजिक गतिविधियों को गति देने पर बनी सहमति**

तीन कुरी क्षत्रिय वैवाहिक समूह की महत्वपूर्ण बैठक एक निजी होटल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं विभिन्न जिलों से आए समाजबंधुओं की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में वैवाहिक संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, समाज में आपसी समन्वय बढ़ाने, वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करने तथा संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव रखते हुए संगठन को नई दिशा देने पर जोर दिया। बैठक के दौरान समाज की एकता बनाए रखने, युवाओं को सही मार्गदर्शन देने तथा सामाजिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। साथ ही आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। सुषमा सिंह बुंदेला एडवोकेट, राकेश परमार, किरण बुंदेला, पवन कुमारी, कुमकुम बुंदेला एवं नीरज बुंदेला छपरट सहित अन्य महिलाओं ने समाजहित में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में कुंवर गजेन्द्र सिंह बुंदेला बरेजा गढ़ी, ललितपुर, कुंवर राजकुमार सिंह परमार लड़वारी ललितपुर, कुंवर सुखपाल सिंह परमार जामुनधाना, ललितपुर, कुंवर लोकपाल सिंह बुंदेला राजा भैया जमुनिया, ललितपुर, कुंवर राजेन्द्र सिंह चौहान सरवा, झांसी, कुंवर राजा भैया बुंदेला गुना, कुंवर रविन्द्र सिंह चौहान महेवा, टीकमगढ़, कुंवर सत्यपाल सिंह बुंदेला इटवा, सागर, कुंवर लोकेंद्र सिंह बुंदेला पलेथनी, सागर, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला टीकमगढ़ एवं ध्रुवराजा परमार अमरपुर सहित लगभग 50 समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही गई।

## दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिजनों को सौंपी राशि, अब तक 6 परिवारों को दिला चुके सहायता

# पुलिस परिवार के दुःख में पुनः संबल बने एसपी ने कराया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़






पुलिस विभाग को आमतौर पर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वर्दी के पीछे मानवीय संवेदनाओं से भरा एक परिवार भी खड़ा है। शोक और विपरीत परिस्थितियों में अपने कर्मचारियों के परिवारों का सहारा बनकर पुलिस विभाग ने संवेदनशील प्रशासनिक कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। पुलिस विभाग में पदस्थ रहे दिवंगत प्रधान आरक्षक मोहन चढ़ार के असामयिक निधन के बाद पूरा पुलिस परिवार भावुक और शोकाकुल रहा। ऐसे कठिन समय में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने संवेदनशील पहल करते हुए लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दिवंगत प्रधान आरक्षक मोहन के परिजनों को 10 लाख की बीमा सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने दिवंगत आरक्षक के परिजनों को सम्मानपूर्वक सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा टीकमगढ़ के शाखा प्रबंधक धीरेंद्र चौरसिया, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक महेश साहू सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस सैलरी पैकेज से जुड़े मामलों में बीमा सहायता राशि शीघ्र दिलाने में एसबीआई की भूमिका को भी सराहा गया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की पहल पर विगत वर्ष से अब तक पुलिस सैलरी पैकेज एवं परोपकार निधि के माध्यम से 06 पुलिस परिवारों को 1 करोड़ 60 लाख रूपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इतना ही नहीं, विभागीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 10 अनुकंपा नियुक्तियाँ भी प्रदान की गई हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक और सामाजिक संबल मिल सका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं को टीकमगढ़ पुलिस धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि पुलिस परिवार का प्रत्येक सदस्य विभाग के लिए महत्वपूर्ण है और किसी भी परिस्थिति में उसके परिवार के साथ खड़े रहना विभाग की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग की यह पहल न केवल विभागीय संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि वर्दीधारी परिवार अपने साथियों और उनके परिजनों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़ा रहता है।

नपा की लापरवाही से लगा सरकार के पायलट प्रोजेक्ट को पलीता

# अमृतमित्र की अटकी परितोषण राशि, जहर पीने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका ने शहर वासियों को शुद्ध पानी पिलाने के उद्देश्य से पानी की जांच कराने का निर्णय लिया था जिसके तहत चार सैकड़ा से अधिक महिलाओं को अमित मित्र बनाकर ट्रेनिंग भी दी गई थी. इन महिलाओं ने ट्रेनिंग लेने के बाद डोर टू डोर परीक्षण कर जांच करना भी शुरू कर दिया था, जांच के सैंपल आने के बाद नगर पालिका शिकायत मिलने पर तत्काल पानी के दूषित होने के कारण जानकर उसका निराकरण भी कर रही थी लेकिन बाद में यह योजना अचानक बंद हो गई, करीब डेढ़ साल से इस योजना में एक बूंद पानी की भी जांच नहीं हुई है, इसका मुख्य कारण नगर पालिका पर उक्त महिलाओं का पारितोषिक के रूप में करीब एक लाख रुपया अटका पड़ा होना बताया जा रहा है.

सरकार अपनी योजनाओं को सुचारु रूप से शुरू करने के रूप में पहले उसे चंद जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित करती है और जब संबंधित जिले में योजना ठीक से संचालित हो जाती है तो फिर उसे अन्य जिलों में भी लागू किया जाता है। इसी सोच के साथ सरकार ने लोगों को पीने का पानी शुद्ध मिले इसके लिए महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से पानी की शुद्धता जांचने का नवाचार किया था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस योजना में जो जिले शामिल किए गए थे उनमें श्योपुर को भी जोड़ा गया था। इसके लिए एनयूएलएम के समूहों से जुड़ी 440 महिलाओं को 3 माह पहले प्रशिक्षण भी दिया गया और बाद में उन्हें किट, वर्दी, वेज देकर डोर टू डोर पानी की जांच करने भेजा और महिलाओ ने ईमानदारी के साथ इस काम को किया भी लेकिन बाद में महिलाओं को पारितोषक राशि नहीं मिलने पर या जांच बंद हो गई जिससे आज लोग नलों से आ रहा पानी शुद्ध है या नहीं यह बताने वाला भी कोई नहीं है. इससे सरकार के इस पायलेट प्रोजेक्ट को भी नगरपालिका की लापरवाही से पलीता लग गया है।



### भोपाल में अटका एक लाख रुपया

इस काम के लिए जिन महिलाओं का चयन किया गया था उन्हें 48 रुपए प्रति सैंपल मानदेय प्रदान किए जाने का अनुबंध महिलाओ ने किया था, श्योपुर नगर पालिका क्षेत्र के सभी 23 वार्डों में जल गुणवत्ता परीक्षण (डब्ल्यू क्यूआर) का काम जिन महिलाओं को दिया गया इन्होंने जो भी सेंपल कलेक्ट किए उनकी रिपोर्ट तत्काल नगरपालिका को भेजती थी लेकिन नगरपालिका ने महिलाओ को किए गए काम का मानदेय करीब एक लाख रूपए एक साल से नहीं दिया है। इस संबंध में नगर पालिका पैसा भोपाल से आने की बात कह रही है तो वहीं महिलाओ ने पैसा नहीं मिलने तक काम नहीं करने की बात कही है।

### जानिए योजना के बारे में

प्रदेश की उन सभी नगर पालिकाओं में यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जिला मुख्यालय में स्थित हैं। इसी श्रेणी में श्योपुर नगर पालिका भी आती है, जहां प्रक्रिया तो डेढ़ साल पहले चिन्हित महिलाओं के माध्यम से पानी की शुद्धता की जांच की और पैसा नहीं मिलने से दोबारा जांच करने पानी मिलेगा बल्कि स्व सहायता महिलाओं को जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने के का अच्छा अवसर भी दिया गया लेकिन फंड नहीं होने से इसे अटका दिया ।

### 440 महिलाएं ले चुकी हैं प्रशिक्षण

दो साल पहले चयनित होने के बाद विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी 440 महिलाओं को 6 फरवरी 2025 को शुद्ध पानी जांचने का प्रशिक्षण पीएचई की टीम द्वारा दिया जा चुका है। इस दौरान प्रशिक्षकों ने महिलाओं को बताया कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा 250 से अधिक पाई जाए जाती है तो वह पानी पीने योग्य नहीं होगा।

### इनका कहना...

अमृत योजना 2.0 के तहत महिलाओं को पानी की जांच करने के लिए चयनित किया था उन्होंने काम भी किया गया। उन्हें प्रशिक्षण भी दिलाया जा चुका है। लेकिन उन्हें परितोषित राशि नहीं मिलने से उन्होने से सेम्पल लेंना लेना बंद कर दिया है में इस मामले में एनयुएलएम के सिटी मैनेजर से जानकारी लेता हूं शीघ्र ही पानी की शुद्वता की जांच करवाई जाएगी.

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

---

जेल में तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित,5 बंदियों ने ली नशा छोडने की शपथ

# तंबाकू सेवन से होती है कई गंभीर जानलेवा बीमारियां, दूरी बनाएं: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह 25 मई से 31 मई तक मनाया जा रहा है, इसी क्रम बुधवार को श्योपुर जिला जेल में बंदियों का तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर उन्मुखीकरण करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तम्बाकू नियंत्रण के जिला नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा द्वारा बंदियों को उपचार दिया गया तथा बताया गया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियाँ सहित अनेक गंभीर रोग उत्पन्न होते हैं, जो जानलेवा होते है, इसलिए हमें और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके दुष्प्रभावों को समझते हुए तंबाकू के सेवन से दूर रहना चाहिए। जिससे प्रभावित होकर 05 ऐसे बंदी जिन्हें जेल में आने से पूर्व तम्बाकू बीड़ी की लत थी, उनके द्वारा नशा छोड़ने के लिए अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करने हेतु शपथ ली, इन सभी को चिकित्सक द्वारा एंटी टोबेको दवाई उपलब्ध करायी गई, साथ ही 05 अन्य बंदियों को जांच संबंधी उपचार भी उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, जेल चिकित्सक डॉ. संजय जैन, दन्त चिकित्सा सहायक जयप्रकाश शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य एवं अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

---

महिला थाने में पति समेत चार के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला दर्ज

# विवाहिता दहेज में नहीं लाई 2 लाख रूपए और कार तो ससुरालीजनों ने प्रताड़ित कर घर से निकाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

एक विवाहिता को शादी के दो साल बाद ससुरालीजनों ने इसलिए प्रताडित करके घर से बेघर कर दिया,क्योंकि वह दहेज में अपने साथ 2 लाख रूपए और कार लेकर नहीं आई थी। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम रघुनाथपुर निवासी विवाहिता आरती की शादी करीब 4 साल पहले मुरैना निवासी देवेश पांडेय के साथ हुई थी। शादी के सालभर बाद तक तो सब कुछ ठीक ठाक चला,लेकिन इसके बाद ससुरालीजनों ने विवाहिता को दहेज में 2 लाख रूपए और कार लाने के लिए प्रताडित करना शुरू कर दिया।

### बेटी को दिया जन्म तो और बढ गई प्रताडना

पुलिस के मुताबिक दहेज को लेकर ससुरालीजनों की प्रताडना झेल रही विवाहिता आरती की प्रताडना तब और बढ गई,जब उसने बेटी का जन्म दिया। बेटी पैदा होने के बाद ससुरालीजन उसे और ज्यादा ताने मारने लग गए। इसके बाद भी दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालीजनों ने विवाहिता को प्रताडित करने के बाद घर से भी निकाल दिया। महिला थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि इस मामले में विवाहिता आरती की रिपोर्ट पर पति देवेश पांडेय, ससुर दाउजी, सास संगीता, ननद स्नेहा निवासी मुरैना के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

---

# मानपुर से दो सगी बहने लापता, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर कस्बे से संदिग्ध परिस्थितियों के बीच दो सगी बहने लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम मानपुर निवासी रईस मुसलमान और उसकी पत्नी सामान लेने के लिए जयपुर गए थे। घर पर उसकी मां और दो बेटियां थी। मंगलवार की दोपहर को रईस की बडी बेटी नाजरीन 20 वर्ष दादी से पोहा लेने की बात कहकर घर से निकली थी, इस दौरान वह अपने साथ छोटी बहन कशिश 19 वर्ष को भी ले गई। लेकिन इसके बाद ये दोनो बहने घर लौटकर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई पता नहीं चला,तब परिजनो ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### इधर किशोरी से दुकानदार ने की छेडछाड

दांतरदा में पंचर की दुकान लगाने वाले एक दुकानदार ने उसकी दुकान पर साइकिल का पंचर जुडवाने के लिए आई किशोरी के साथ छेडछाड कर दी। पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय किशोरी अपने चाचा के साथ दांतरदा स्थित राशिद खां की पंचर की दुकान पर साइकिल का पंचर जुडवाने के लिए पहुंची थी। जहां साइकिल का पंचर जोडने के बाद राशिद ने मौका पाकर किशोरी के साथ छेडछाड कर दी। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने किशोरी की रिपोर्ट पर राशिद के खिलाफ छेडछाड का मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक 29 मई को दोपहर 03 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सदस्य-सचिव एवं कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी पुष्कल प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में वातानुकूलित स्लीपर बसों में आग संबंधी घटनाओं की रोकथाम के उपायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जायेगी, इसके साथ ही वर्षाकाल के दौरान जलमग्नीय पुल एवं पुलियाओं पर संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोकने पर विचार विमर्श कर उपयुक्त उपाय किये जाने पर चर्चा होगी।

---

# जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई नेहरू की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी नें श्योपुर कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुण्यतिथि में शामिल हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी नें पूर्व प्रधानमंत्री स्व नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह आजाद भारत के शिल्पी थे. उनके द्वारा जो काम किए गए उनका लाभ भारत और भारत वासियों को आज भी मिल रहा है. कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेहरू जी के जीवन, उनके संघर्ष, देश निर्माण में दिए गए योगदान एवं आधुनिक भारत की नींव रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### परीक्षा निरस्त

श्योपुर। 28 मई को इदुज्जुहा का सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने से माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय ने 28 मई गुरुवार को होने वाली परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया है तथा उक्त परीक्षा अब 07 जून 2026 को होगी। 28 मई को होने वाली माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं दोनों पाली 09 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक को निरस्त किया गया है। उक्त दोनों शिफ्ट के पेपर अब 07 जून रविवार को आयोजित की जाएगी।

### बिलवाडा में दो भाईयों के बीच झगड़ा, छह लोग जख्मी, क्रॉस एफआईआर दर्ज

श्योपुर। देहात थाना क्षेत्र के गांव बिलवाडा में बुधवार को प्लाट की बात को लेकर दो भाईयों के बीच झगडा हो गया। झगडे के दौरान दोनो भाईयों के परिवार के लोगो के बीच लाठी डंडे चल गए। विवाद में एक तरफ से कमलेश प्रजापति, उसकी पत्नी शिमला बाई, दो लडके दुर्गेश व रविशंकर जख्मी हो गए। वहीं दूसरी तरफ से मुकेश प्रजापति और राजू प्रजापति घायल हो गए। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि दोनो पक्ष के घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। इस मामले में मुकेश प्रजापति की रिपोर्ट पर कमलेश, दुर्गेश, रविशंकर, शिमला बाई के खिलाफ तथा शिमला बाई पत्नी कमलेश प्रजापति की रिपोर्ट राजू व मुकेश के खिलाफ मारपीट की धाराओ में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

---

गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त सड़कों पर पसरा सन्नाटा

# 45 तक पहुंचा तापमान, नौतपा के तीसरे दिन पड़ी रिकॉर्ड गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

25 मई से 2 जून तक पड़ने वाले नौतपा के तीसरे दिन लोगों को प्रचण्ड गर्मी का सामना करना पड़ा. बुधवार सीजन का सबसे अधिक गर्म दिन रहा, दिन में अधिकतम तापमान 45 सेल्सियस दर्ज किया गया जो सोमवार यानि नोतपा के पहले दिन 44 से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. इस प्रचण्ड गर्मी से बचने के लिए लोगों को ऐसी कूलर का सहारा लेना पड़ा 2 जून तक पड़ने वाले इस चक्र में अभी तापमान और अधिक होने की संभावना है. गर्मी के चलते दिन में बाजार की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।



25 मई से 2 जून तक नौ दिन भीषण गर्मी के होंगे. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को संभलकर रहने की अपील की है. इन नौ दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी. कुदरत का यह खास मैनजमेंट किसानों के लिए कितना फायदेमंद है, इस विषय में विज्ञान में तो खास कुछ नहीं है लेकिन शास्त्रों के अनुसार ये नो दिन बारिश के चार माह तय करने मे सक्षम है. नौतपा के बारे में हिंदू पंचांग में खास जानकारी दी गई है. इसके मुताबिक नौतपा यानी नौ तपने वाले दिन होते हैं. नौतपा के दौरान सूर्य देव पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाते हैं. ज्योतिष में इसे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश को कहते हैं. इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पहुंचती है. वैसे तो सूर्य देव इस नक्षत्र में कुल 15 दिनों तक रहते हैं लेकिन शुरुआती नौ दिनों तक सबसे ज्यादा प्रभाव रहता है. इसके बाद धीरे-धीरे प्रभाव कम होने लगता है.

---

गुर्जर महासभा के अध्यक्ष बोले घटना से समाज में रोष, कराहल में फिर शुरू करेंगे धरना प्रदर्शन

# द्रोपदी हत्याकांड: सात दिन बाद भी पुलिस हवा में चला रही तीर, बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कराहल कस्बे के चार खंभा गुर्जर बस्ती में सात दिन पहले घर में घुसकर महिला द्रोपदी बाई की गला रेतकर की गई हत्या का राज अभी तक भी पुलिस नहीं खोल पाई है। जिसके चलते अभी तक न तो हत्यारे पकडे गए है और न ही उनका कोई अता पता चल सका है। हालांकि पुलिस के अधिकारी मामले की जांच चलने और जल्द खुलासा किए जाने की बात कह रहे है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई अभी तक हवा में तीन चलाने जैसी की साबित हो रही है। जिसकारण हत्यारों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इससे परिजनो सहित गुर्जर समाज के लोगो में आक्रोश बढता जा रहा है। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के श्योपुर जिलाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर का कहना है कि हत्या का खुलासा न होने से समाज के लोगो में रोष बढता जा रहा है। अब समाज के लोगो ने यह तय कर लिया है कि 30 मई तक पुलिस ने हत्यारोपियों को नहीं पकडा तो इसके बाद कराहल में थाने के सामने फिर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जो अनिश्चितकालीन समय तक जारी रहेगा।

यहां बता दें कि पिछले मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को चार खंभा गुर्जर बस्ती निवासी महिला द्रोपदी बाई की अज्ञात हमलावरो ने घर में घुसकर धारदार हथियार से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी। इस हत्या से गुस्साए गुर्जर समाज के लोगो ने न केवल कराहल थाने का घेराव किया,बल्कि गुर्जर समाज के एक प्रतिनिधी मंडल ने श्योपुर आकर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात भी की। उस समय पुलिस अधीक्षक ने मामले का जल्द खुलासा करते हुए हत्यारोपियो को पकडे जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक न तो मामले का खुलासा हो सका और न ही हत्यारोपी पकडे गए है। हालांकि महिला की हत्या के पहले इसी बस्ती में एक व्यक्ति पर हुए हमले के आरोपी को पुलिस ने जरूर पकडकर जेल पहुंचा दिया है,लेकिन उस आरोपी से इस हत्याकांड का कोई कनेक्शन नहीं निकला। जिसके चलते यह हत्याकांड अभी तक अनसुलझा बना हुआ है।



### मंगलवार को भी परिजनो के साथ एसपी से मिला प्रतिनिधी मंडल

द्रोपदी हत्याकांड को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की अगुवाई में गुर्जर समाज के एक प्रतिनिधी मंडल ने मृतक के परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी से मुलाकात की थी। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर ने बताया कि मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक दो दिन में हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपियों को पकडे जाने का भरोसा दिलाया है। लेकिन इसके बाद भी हत्यारोपी पुलिस की पकड से दूर बने हुए है। गुर्जर महासभा जिलाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर का कहना है कि इस मामले को फिर से कराहल में धरना प्रदर्शन शुरू करने की रणनीति समाजीय लोगो के साथ बैठकर तय कर ली गई है। यदि पुलिस ने 30 मई तक आरोपी नहीं पकडे तो 30 मई के बाद फिर से कराहल में धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। जो तभी खत्म होगा,जब आरोपी पकडे जाएंगे।

### इधर मंगलूसत्र छीनकर भागे बदमाश भी बेसुराग

गसवानी थाना क्षेत्र में बाइक सवार महिला का मंगलसूत्र छीनकर भागे तीनो बदमाश भी अभी तक बेसुराग बने हुए है। जिसको लेकर भी गसवानी क्षेत्र के लोगो में खासी नाराजगी देखी जा रही है। यहां बता दें कि गसवानी निवासी महिला जब अपने पति के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी,तभी रास्ते में मिले बाइक सवार तीन बदमाश उसके गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गए। हालांकि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है,लेकिन बदमाशो का फिलहाल कोई सुराग नहीं है।

### इनका कहना..

महिला की हत्या के मामले में हमारी पुलिस टीम कार्रवाई में लगी हुई है। उधर गसवानी थाना क्षेत्र में मंगलसूत्र छीनकर भागे बदमाशों की भी तलाश करवाई जा रही है। दोनो मामलो के आरोपियों को पता लगाकर उन्हें जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

सुधीर अग्रवाल
एसपी,श्योपुर

---

लापरवाही पर तहसीलदार को पनिशमेंट, मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता

# कलेक्ट्रेट में जहर खाने वाले देवेन्द्र के शव के साथ सड़क पर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जहर खाकर आत्म हत्या करने वाले देवेंद्र गोयल के शव को रखकर श्योपुर तहसीलदार के निलंबन की मांग करते हुए वैश्य समाज ने प्रदर्शन किया. इस दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने मोके पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया.

वैसे समाज द्वारा दी गई कॉल के अनुसार सुबह बाजार में एकत्रित हुए वैश्य जनों ने शव को जय स्तंभ पर शव रखकर धरना दिया इससे पहले उन्होंने बाजार में घूम-घूम कर दुकानें बंद करा दी. बाद में धरने पर धीरे-धीरे राजनेताओं की भीड़ भी लग गई धरने पर पहुंचने वालों में विधायक बाबू जंडेल, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, पूर्व नपा अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश गर्ग, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, समाज सेवी बिहारी सिंह सोलंकी सहित कई नेता भी धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए करीब 3 घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के साथ मौके पर पहुंची कलेक्टर शीला दाहिमा, एसपी सुधीर अग्रवाल, एसडीएम गगन मीणा ने परिजनों से चर्चा कर उन्हें ढांढस बंधाया और उनके द्वारा की जा रही मांगों को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया. इसके बाद परिजन और नेता एवं वैश्य बंधु धरना प्रदर्शन को खत्म करने राजी हुए बाद में शव का अंतिम संस्कार बड़ोदा रोड स्थित श्मशान घाट पर पहुंचकर किया गया.

### ये दिया आश्वासन

1 श्योपुर तहसीलदार मनीषा मिश्रा को हटाकर उनका निलंबन प्रस्ताव सक्षम अधिकारी भेजा जायेगा.

2 मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में 2 लाख रुपए नगद देने के साथ एक करोड़ रुपए देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जायगा.

3 मृतक के आश्रितों में से किसी एक को शासकीय नौकरी दिलाई जायगी.

4 मृतक द्वारा जनसुनवाई में दिए गए आवेदन का समय सीमा में निराकरण किया जायेगा.

### अग्रवाल समाज ने की 11 लाख रुपए देने की घोषणा

अग्रवाल समाज ने भी मृतक के आश्रितों को 11 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की है, यह घोषणा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने धरना स्थल पर परिजनों को आश्वासन देते हुए की.

## खबर संक्षेप

### बाईक की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत अशोकनगर विदिशा सड़क मार्ग पर कोयल घाटी के समीप बाईक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक धनीराम पुत्र सुजान सिंह कुशवाह उम्र 60 साल निवासी सूखा आमखेडा है पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर घर में घुसकर लाखों के गहने चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के सामने गोपाल बिहार कॉलोनी निवासी अरूण पुत्र हरि सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात्रि में फरियादी के घर में घुसकर अज्ञात चोर सोनी चांदी के जेवर व नगदी 3 लाख रूपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी राय निवासी आदित्य सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा पछार निवासी नरेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलोना निवासी माखन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल यादव और सीमाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जयपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि माखन सिंह, कन्हईराम, मिथलेश बाई और विशन बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### एईडीपी पाठ्यक्रम में छात्र छात्राओं को प्रवेश का सुनहरा मौका

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बी.कॉम. एच.आर. संचालित है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने बताया कि एईडीपी पाठयक्रमों की विशेषता यह है कि छात्रों को स्नातक की पढाई के अंतिम वर्ष में 06 से 12 महीनें की अप्रेंटिसशिप दी जायेगी, जिसमें उन्हें न्युनतम रू. 12000 प्रतिमाह का स्टाईपेंड भी मिलेगा। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के सुराना ने बताया कि यह पाठयक्रम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा बल्कि उन्हें व्यवहारिक अनुभव एवं उद्योगों से जुडाव का भी अनुभव प्रदान करेगा । बी.कॉम. की डिग्री के साथ साथ रोजगार की बेहतर संभावनायें भी मिलेंगी । यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र/छात्रायें जिन्होंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इस पाठयक्रम के लिये आवेदन कर सकते हैं । अधिक जानकारी के लिये महाविद्यालय में पाठयक्रम प्रभारी शिवसेवक चैधरी एवं अर्चना शर्मा से वाणिज्य विभाग में सम्पर्क किया जा सकता है।

### नेत्र शिविर आयोजित किया गया

**अशोकनगर।** करुणा निधि सेवा समिति का निःशुल्क नेत्र शिविर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से संपन्न हुआ। करुणा निधि के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी करैया राय ने बताया कि इसमें 60 मरीजों की जांच हुई और 20 को चिन्हित कर सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर लटेरी भोजन करा कर भेजा गया। इसमें डॉक्टर शिव गणेश, अनिल पटेल एवं रोटरी का विशेष सहयोग रहा इस मौके पर करुणा निधि के कोषाध्यक्ष पारस चंद्र जैन रोटेरियन रोशन कोहली अशोक रघुवंशी एवं अमरलाल मौजूद रहे।

---

बस स्टैंड का पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नामकरण का लोकार्पण

# गंगा दशहरा पर तुलसी सरोवर विशाल गंगा आरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के नवीन बस स्टैंड का नामकरण अब आधिकारिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर कर दिया गया है। लंबे समय से किसी आधिकारिक नाम की प्रतीक्षा कर रहे इस बस स्टैंड को अब नई पहचान मिलने से स्थानीय निवासियों में हर्ष है।

इस अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बस स्टैंड पर नवनिर्मित भव्य ग्लो शाइन गेट का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बटन दबाकर जैसे ही गेट की विद्युत सज्जा को चालू किया गया, पूरा बस स्टैंड परिसर दूधिया रोशनी से जगमगा उठा।

### कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए शहर के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष, जजपाल सिंह पूर्व विधायक, मनोज शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, विनोद उननीतान सी.एम.ओ. नगर पालिका साथ ही नगर पालिका के समस्त पार्षद गण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





### शहर के विकास में एक और कदम

अशोकनगर के इस प्रमुख बस स्टैंड के नामकरण से क्षेत्र को एक नई पहचान मिली है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के गौरव अटल जी के नाम पर बस स्टैंड का नाम होना पूरे शहर के लिए सम्मान की बात है। नवीन गेट की आकर्षक लाइटिंग ने बस स्टैंड की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं, जिससे यात्रियों को भी एक बेहतर और व्यवस्थित अनुभव प्राप्त होगा।

**नगर पालिका द्वारा शाम 7 बजे तुलसी सरोवर पर मां गंगा की विशाल आरती की गई**

नगर पालिका परिषद के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत 25 में को गंगा दशमी पर शासन के निर्देशानुसार प्रातः है 7.00 बजे तुलसी सरोवर तालाब पर पहुंचकर स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर साकेत मालवीय साइकिल से पहुंचे साथ ही एडीएम डीएन सिंह जिला सीईओ राजेश कुमार जैन नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान पूर्व विधायक जजपाल सिंह सहित नगर पालिका का पूरा अमला एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान तालाब के आसपास की बेहतरीन घाट के नीचे पड़ी हुई गंदगी की सफाई की गई और स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सायंकाल 7 बजे तुलसी सरोवर तालाब पर विसर्जन घाट के किनारे मां गंगा की विशाल आरती की गई जिसमें विधिवत पूजन अर्चन कर पधारे हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां गंगा की आरती की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक जसपाल सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित सभी पार्षद गण एवं मठ मंदिरों से पधारे हुए पुजारी सहित आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

सेन समाज के मंदिरों पर दबंगों का कब्ज़ा

# सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के बाद भी कार्रवाई अटकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में सेन समाज के प्राचीन मंदिरों और उनके भवनों पर रसूखदारों द्वारा अवैध कब्जे और दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है।

इस संबंध में सेन समाज वृहद चंदेरी एवं श्री गणेश हरसिद्धि माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश नारायण सेन ने मंगलवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी चंदेरी को जनसुनवाई में आज पुनः आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन धार्मिक स्थलों को मुक्त नहीं कराया गया,तो समाज को मजबूर होकर वरिष्ठ स्तर पर उग्र कदम उठाना पड़ेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव (वल्लभ भवन, भोपाल) द्वारा इस शिकायत को 181 सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर कलेक्टर अशोकनगर को भेजा गया था। वहाँ से इसे त्वरित कार्रवाई के लिए तहसील कार्यालय चंदेरी भेजा गया।

### उदासीनता का आलम

ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश नारायण सेन ने बताया कि तहसील कार्यालय ने खुद कार्रवाई करने के बजाय मामले को थाना प्रभारी चंदेरी की ओर ट्रांसफर कर दिया। जब 3 मई 2026 को पुलिस ने वस्तुस्थिति समझने के लिए प्रार्थी को थाने बुलाया, तो पता चला कि नियमानुसार बेदखली और कार्रवाई का आदेश तो तहसीलदार या एसडीएम को ही जारी करना है। विभागों के बीच फुटबॉल बन रही इस फाइल के कारण समाज में भारी आक्रोश है। आवेदन में मुख्य रूप से दो प्रमुख मंदिरों के भवनों पर अवैध कब्जे का जिक्र किया गया है, जिसके साक्ष्य (07 फोटोग्राफ्स) भी प्रशासन को सौंपे गए हैं। हरसिद्धि माता मंदिर आरोप है कि डुंगासरा पंचायत विभाग के मंत्री सतपाल सिंह पँवार द्वारा श्री श्री 1008 श्री हरसिद्धि माता मंदिर के भवन का व्यावसायिक दोहन और दुरुपयोग किया जा रहा है। वे न तो ट्रस्ट को किराया दे रहे हैं और न ही भवन खाली कर रहे हैं। धुंधराज बड़ा गणेश मंदिर) यहाँ नरेंद्र तिवारी, महेंद्र तिवारी, सुरेंद्र तिवारी और पुजारी उमाशंकर तिवारी पर जबरन कब्जा करने का आरोप है।

---

# दीप से बावड़ी पूजनकर जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जल संरक्षण के पारंपरिक तरीके अधिक उपयुक्त है। जल सरक्षण के लिए यह बात ग्राम बुखारा मे जल गंगा सवर्धन गंगा दशहरा कार्यक्रम के अवसर पर नवाकुर संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र राय ने जल संरक्षण विषय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। पंचायत सचिव राजकुमार यादव ने लोगो को जानकारी देते हुए कहा की शासन की योजना जल संरक्षण के लिए है। खेत तालाब एवं डबरी बनवा कर सरकारी योजना का लाभ लेकर बारिश के पानी को बचाया जा सकता है। साथ ही खेती में उपयोग हो सकता है। समिति के सचिव अंचल कुशवाहा ने ग्रामीण जन से बरसात के पानी को तालाब कूप एवं डबरी के माध्यम से संरक्षित करने की बात कही। साथ ही जन अभियान परिषद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान गंगा दशहरा के अवसर पर ग्राम पंचायत बरोदिया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर जल स्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवाकुर संस्था अंजनी रत्न सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरोदिया में प्राचीन झरना में दीप माला प्रज्ज्वलित कर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक का स्व सहायता समूह, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं स्कूल के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

---

आधार संशोधन के नाम पर महिला से तीन हजार की ठगी

# लड़की की जगह लिख दिया लड़के का नाम, अब छह हजार की और मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आधार कार्ड में सुधार कराने के नाम पर चंदेरी में एक गरीब महिला से न केवल हजारों रुपये ऐंठ लिए गए, बल्कि बड़ी लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। सुधार करने के बजाय कंप्यूटर ऑपरेटर ने महिला की बच्ची के आधार कार्ड में सरनेम बदल दिया और लड़की की जगह लड़के का नाम दर्ज कर दिया।

पिछले 6 महीने से परेशान पीड़ति महिला जब आज मंगलवार को पुनः एसडीएम कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंची,तो अपनी आपबीती सुनाते हुए वह भावुक हो गई और उसकी आंखों से आंसू छलक पड़े। महिला ने नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता को आवेदन देकर न्याय और आरोपी संचालक आना जाना वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### तीन हजार लेने के बाद भी बिगाड़ दिया रिकॉर्ड

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ति महिला किरण पाल अपनी बच्ची के आधार कार्ड में कुछ मामूली संशोधन कराने के लिए चंदेरी अस्पताल के नजदीक,डॉक्टर क्वार्टर्स के सामने स्थित आना-जाना नामक कंप्यूटर ऑनलाइन की दुकान पर गई थी। दुकान संचालक ने इस काम के बदले महिला से 3000 की मोटी रकम वसूल ली। मोटी रकम लेने के बावजूद संचालक ने घोर लापरवाही बरतते हुए बच्ची के आधार कार्ड में लड़की की जगह लड़के का नाम और गलत सरनेम दर्ज कर दिया।

### अब सही करने के नाम पर मांग रहा छह हजार

पीड़ित महिला पिछले 6 महीनों से इस शासकीय दस्तावेज को ठीक करवाने के लिए भटक रही है। महिला का आरोप है कि जब उसने ऑनलाइन संचालक से इस गलती को सुधारने को कहा,तो उसने साफ शब्दों में कह दिया कि यदि अब इसे सही करवाना है, तो छह हजार और देने होंगे। संचालक की इस धमकी और अवैध मांग से परेशान होकर पीड़ति महिला पूरी तरह टूट चुकी है।

### एक हफ्ता बीतने के बाद भी प्रशासन मौन

महिला ने करीब एक सप्ताह पहले चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर को लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत की थी। लेकिन एक हफ्ता गुजर जाने के बाद भी जब प्रशासनिक स्तर पर दोषी दुकानदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो महिला आज मंगलवार को दोबारा जनसुनवाई में पहुंची। इस बार उसने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता को अपनी आपबीती सुनाई।

---

## एसपी ने जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।



---

## कलयुगी बेटे डॉक्टर और मास्टर बेटों ने मां को घर से निकाला

**अशोकनगर।** जिस मां ने पाल-पोसकर बेटों को इस काबिल बनाया कि एक डॉक्टर बन गया और दूसरा मास्टर (शिक्षक), आज उसी मां को बुढ़ापे के इस पड़ाव पर बेटों और बहुओं ने धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। दिल को झकझोर देने वाला यह मामला मंगलवार को चंदेरी तहसील कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में सामने आया। अपनी आपबीती सुनाते हुए बुजुर्ग महिला की आंखों से आंसू छलक पड़े, जिसे देख वहां मौजूद हर शख्स हैरान और भावुक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंदेरी के वार्ड क्रमांक 11 की निवासी पुष्पा विश्वकर्मा (उम्र लगभग 65-70 वर्ष) अपनी फरियाद लेकर लाठी के सहारे एसडीएम कार्यालय पहुंचीं।

---

जल संरक्षण हेतु जन जागरुकता व श्रमदान कार्यक्रम

# गंगा दशहरा के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत बमनावर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत बमनावर में स्टॉप डेम सफाई, नदी गहरीकरण कार्य एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान संचालित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि मानव जीवन के लिए जल संरक्षण क्यों आवश्यक है। भविष्य में मानव जीवन जीने के लिए हम सभी को जल की एक-एक बूंद सहेजने के लिए सभी के समन्वित प्रयास से जल संरक्षण करना है। इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश सरकार यह अभियान संचालित कर रही है।







कार्यक्रम में ग्राम में कलश यात्रा के माध्यम से जल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से आमजनों के लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। यह यात्रा पूरे ग्राम से होते हुए ग्राम की नदी तक पहुंची। नदी पहुंचकर गहरीकरण हेतु सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत बमनावर में जल पंचायत का आयोजन किया गया।जल पंचायत के मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है जल को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर साकेत मालवीय ने जल पंचायत में ग्रामीणों को जल संरक्षण का रेन वाटर हार्वेस्टिंग भूमिगत जल जैसे अन्य छोटे-छोटे कार्यों से जल को कैसे बचाया जाए इसके बारे में ग्रामीणों को बताया गया। संध्या काल में आरती आदि के आयोजन किए गए।

---

**बिजनेस साइट**

## फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग आधुनिक इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए क्यों सही है

**ग्वालियर।** इक्विटी मार्केट हमेशा एक जैसे नहीं रहते, अलग-अलग समय पर लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप कंपनियाँ सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हैं। इन बदलावों का सही समय पकड़ने की कोशिश करने के बजाय, कई निवेशक फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग अपना रहे हैं - यह एक ऐसी निवेश शैली है जो मार्केट की असलियत के हिसाब से खुद को ढालने की कोशिश करती है।

**रणनीति को समझना** - फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग में, प्रभावशाली एलोकेशन का इस्तेमाल किया जाता है, और मार्केट कैपिटलाइजेशन के स्तरों के अनुसार शेयरों में निवेश किया जाता है। अगर आर्थिक अनिश्चितता का माहौल हो, या निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो, तो बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जाता है, क्योंकि वे स्थिर होती हैं और उनमें आर्थिक मंदी का सामना करने की ज्यादा क्षमता होती है। दूसरी ओर, अगर मजबूत आर्थिक विकास की उम्मीद हो, तो मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों के शेयरों में ज्यादा फंड आवंटित किए जाते हैं, क्योंकि उनमें विकास की ज्यादा संभावना होती है।

यह डायनामिक दृष्टिकोण मार्केट में उतार-चढ़ाव के प्रभावों को संभालने में मददगार हो सकता है। मार्केट कई कारकों से प्रभावित होता है, जिनमें ब्याज दरें, मुद्रास्फीति दरें, वैश्विक समाचार और कॉर्पोरेट आय शामिल हैं। फ्लेक्सीकैप फंड बेहतर अवसरों वाले क्षेत्रों में फंड आवंटित करके मार्केट की बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं।

**अंतर्निहित दक्षता** - फ्लेक्सीकैप फंड का एक मुख्य लाभ पोर्टफोलियो की दक्षता है। मार्केट के अलग-अलग हिस्सों को कवर करने के लिए कई फंडों में निवेश करने के बजाय, एक ही फ्लेक्सीकैप फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में व्यापक निवेश का अवसर प्रदान करता है।



**संजय चुग**
**म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर**

फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों के साथ भी अच्छी तरह से मेल खाती है। इक्विटी ने ऐतिहासिक रूप से वेल्थ क्रिएशन में सहायता की है और समय के साथ मुद्रास्फीति का मुकाबला करने में मदद की है। एक मजबूत और लचीली रणनीति इस क्षमता को और बढ़ाती है, क्योंकि यह सुनिश्चित करती है कि आपको निवेश मार्केट के किसी एक ही हिस्से तक सीमित न रहे।

हालांकि, लचीलेपन का मतलब यह नहीं है कि जोखिम पूरी तरह खत्म हो जाता है। मार्केट में होने वाले छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव रिटर्न को प्रभावित करते रहेंगे। इसलिए, फ्लेक्सीकैप फंड उन निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त हैं जिनका निवेश का नजरिया लंबा है और जो मध्यम स्तर का जोखिम उठाने की क्षमता रखते हैं।

कुल मिलाकर, फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग में अनुकूलनशीलता, विविधीकरण और विकास की संभावनाओं का एक बैलेंस्ड मिक्स मिलता है।

एक ऐसा फंड जो इस दृष्टिकोण को व्यवहार में लाता है, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड। मार्केट कैप के आधार पर इस स्कीम का डायनामिक एलोकेशन इसे मार्केट की अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। 30 अप्रैल, 2026 तक, इसने एक वर्ष में 7.85 प्रतिशत, तीन वर्षों में 17.49 प्रतिशत, और शुरुआत (जुलाई 2021) से अब तक 14.12 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।